आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–16 अगस्त 2024 **सान्ध्य समाचार**

कोलकाता के सरकारी आर. जी. कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में प्रशिक्षु महिला डॉक्टर के साथ कथित दुष्कर्म, हत्या और उसके बाद हुई तोड़फोड़ के विरोध में कल देशव्यापी हड़ताल रहेगी। भारतीय चिकित्सा संघ ने कल सुबह से 24 घंटे के लिए देश भर में गैर–आपातकालीन सेवाएं बंद रखने की घोषणा की है। चिकित्सा संघ ने कहा है कि हड़ताल के दौरान सभी आवश्यक और आपातकालीन सेवाएं जारी रहेंगी।

****

स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि डॉक्टरों के खिलाफ हिंसा के मामले में संबंधित संस्थान के प्रमुख को अधिकतम छह घंटे के भीतर संस्थान की तरफ से प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराना अनिवार्य होगा। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक अतुल गोयल ने इस संबंध में केंद्र सरकार के अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों के प्रमुख को पत्र लिखा है।

****

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने आज पृथ्वी अवलोकन उपग्रह और एसआर–ओ उपग्रह का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया। इन उपग्रहों को लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान की तीसरी विकास उड़ान के जरिए अंतरिक्ष में भेजा गया। मिशन निदेशक एस.एस. विनोद ने कहा है कि यह भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की महत्वपूर्ण उपलब्धि है। वहीं, उपग्रह निदेशक एम. अविनाश ने कहा कि इस प्रक्षेपण ने गगनयान परियोजना में अंतरिक्ष यात्रियों की मदद के लिए एवियोनिक्स और रिमोट सेंसिंग के लिए एक नया डेटाबेस भी उपलब्ध कराया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया संदेश के जरिये इस कार्यक्रम से जुड़े सभी वैज्ञानिकों और अधिकारियों को बधाई दी है।

****

राष्ट्र आज पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्य तिथि मना रहा है। इस अवसर पर नई दिल्ली में सदैव अटल स्थित उनकी समाधि पर आज सुबह प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सदैव अटल पर जाकर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को पुष्पांजलि अर्पित की।

प्रदेश की राजधानी लखनऊ समेत कई अन्य जिलों में भी विभिन्न कार्यक्रमों के जरिये उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। एक सोशल मीडिया संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय राजनीति के अजातशत्रु भारत रत्न श्रद्धेय अटल जी ने आधुनिक भारत के निर्माण की नींव रखी । अमरोहा जिले में स्थित अटल चौक पर भी लोगों ने उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण किया और उनके जीवन आदर्शों पर प्रकाश डाला।

****

प्रदेश के अम्बेडकरनगर जिले में कल और अयोध्या जिले में अठारह अगस्त को वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इसका शुभारंभ प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तहत प्रस्तावित इस मेले में एक सौ पचास प्रतिष्ठित कम्पनियों के माध्यम से सत्तर हजार से अधिक रोजगार मिलने की संभावना है। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा,कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले लाभार्थियों को खासतौर पर सेवायोजित करने के लिए रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है।

****

छत्तीसगढ़ के बलरामपुर से वाराणसी जा रहा कावड़ियों से भरा एक पिक अप वाहन आज सुबह कौशाम्बी जिले के सैनी थानाक्षेत्र स्थित हाईवे मार्ग पर सड़क पर खड़े एक अन्य वाहन से टकरा गया जिसमें तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना में घायल अठारह लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। हमारे प्रतिनिधि ने बताया है कि यह दुर्घटना हाईवे मार्ग पर गुलामीपुर चौराहा के निकट हुई, जिसमें दो महिला श्रद्धालुओं समेत कुल तीन कावड़ियों की मृत्यु हो गई। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने घटना स्थल का निरीक्षण कर सभी घायलों का प्राथमकिता के आधार पर इलाज करने का निर्देश दिया है।

****

वाराणसी के जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने आज केन्द्रीय कारागार में बनाये गये बैरकों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यदाई संस्था एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिया। मुख्यमंत्री कल प्रस्तावित अपने दौरे में इस प्रोजेक्ट का निरीक्षण कर सकते है। कार्यदाई संस्था यूपी निर्माण निगम के कनिष्ठ अभियंता सौरभ सुमन ने बताया कि कारागार के पुलिसकर्मियों को रहने के लिए कुल आठ ब्लॉक के 48 आवास के स्ट्रक्चर का कार्य पूर्ण हो चुका है। अब इनमें फिनिशिंग का कार्य चल रहा है।

****

पद्म पुरस्कार दो हजार पच्चीस के लिए नामांकन अगले महीने की पंद्रह तारीख तक दिये जा सकते हैं। इच्छुक प्रतिभागी राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल अवार्ड्स डॉट जीओवी डॉट इन पर अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं। पद्म पुरस्कार देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक हैं। ये पुरस्कार तीन श्रेणियों में दिए जाते हैं।

****

आकाशवाणी समाचार से प्रसारित होने वाला दोपहर 12 बजकर 05 मिनट का हिन्दी बुलेटिन अब 18 अगस्त से दोपहर 12 बजे से प्रसारित होगा। उसके बाद अंग्रेजी समाचार बुलेटिन का प्रसारण होगा।

****